**Regarding need to set up a modern Meteorological Station at Rajsamand district of Rajasthan- Laid**

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(राजसमन्द) :** मैं सरकार का ध्यान राजसमन्द, राजस्थान में आधुनिक मौसम केंद्र के अभाव की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ । उदयपुर से अलग होकर राजसमन्द को 34 वर्ष हो चुके हैं लेकिन आज भी जिले में आधुनिक और पर्याप्त मौसम उपकरणों का अभाव बना हुआ है। वर्षों से जिले में मौसम सम्बन्धी सूचना के लिए पुराने पारंपरिक तरीकों का ही उपयोग होता आ रहा है । मौसम सम्बन्धी सटीक अनुमान के अभाव के कारण इसका सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है । मौसम के सटीक पूर्वानुमान का असर बुवाई से कटाई तथा फसल सुरक्षा और बेहतर फसल उत्पादन पर पड़ता है । यदि आधुनिक उपकरणों से युक्त मौसम केंद्र का निर्माण राजसमन्द जिले में हो जाता है तो इसका सकारात्मक असर खेती के साथ अन्य उद्योगों पर पड़ेगा। अत: मेरी सरकार से मांग है कि राजसमन्द जिले में अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त मौसम केंद्र की स्थापना शीघ्रातिशीघ्र की जाये ।